राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–279/2023

राज्यपाल ने इतिहास संकलन समिति, बिहार द्वारा संकलित पुस्तक का लोकार्पण किया

पटना, 21 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में इतिहास संकलन समिति, बिहार द्वारा संकलित एवं स्व० डॉ० गौरीनाथ राय व डॉ० सूर्य नारायण प्रसाद द्वारा संपादित पुस्तक 'युग–युगीन मंदार' का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार पौराणिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से भारत का सबसे समृद्ध राज्य है। यहाँ शंकराचार्य एवं मंडन मिश्र के बीच शास्त्रार्थ हुआ, भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई और माता सीता का जन्म हुआ। यहाँ चाणक्य और महावीर हुए। बिहार का वैशाली विश्व में लोकतंत्र की जननी है। पितरों को मोक्ष की प्राप्ति के उद्देश्य से श्राद्ध करने देश एवं विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गया आते हैं। बिहार का मंदार पर्वत भी पौराणिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। हमें इस गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने की आवश्यकता है और यह हमारा दायित्व भी है।

कार्यक्रम को नई दिल्ली के डॉ० बाल मुकुन्द पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर इतिहास संकलन समिति, बिहार के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....